तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

नवरात्र आरंभ पर पत्रकारों के लिए दान भेंट किए 1 लाख 14



सीनियर महिला वर्ग के 100 मीटर दौड़ में उर्मिला ... 14



## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## खबर संक्षेप



### मंदिर में ज्योति प्रज्वलित

**महासमुंद।** आज चैत्र नवरात्र के पहला दिन चण्डी मन्दिर कुल्हरिया में चण्डीमाता की पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्वलित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से चैतराम दीवान, कुंवर सिंग दीवान, राजेन्द्र कंवर, देवेन्द्र राय, डायमण्ड कोसरे, खिलावन साहू, गोवर्धन आवड़े, लक्ष्मण दीवान, गणेश राम दीवान, भुखऊ दीवान, रितेश दीवान, रामानन्द दीवान, टीकम दीवान, माधव यादव, गैंद सिंग दीवान, शुशील दीवान आदि की उपस्थिति रही।

### आस्था : शहर की कुल देवी मां महामाया मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में प्रमुख ज्योति कलश प्रज्जवलित

# आराधना के महापर्व चैत्र नवरात्रि की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मां दुर्गा की उपासना-आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हुआ। इसी के साथ ही हिन्दू संवत 2082 की शुरुआत हुई। शहर की कुल देवी मां महामाया मंदिर में रविवार को अभिजीत मुहूर्त में प्रमुख ज्योत कलश प्रज्जवलित किया गया। जिला मुख्यालय स्थित शारदा मंदिर, मां भवानी मंदिर सहित मां चंडी मंदिर बिरकोनी, खल्लारी मंदिर खल्लारी, घुंचापाली स्थित मां चंडी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए।

मां भगवती की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां महामाया मंदिर में पुजारी और मंदिर समिति के सदस्यों ने अभिजीत मुहूर्त में प्रमुख ज्योत प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने बताया कि मुहूर्त में प्रमुख ज्योत प्रज्ज्वलन के बाद शाम तक सभी मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएंगी। इस दौरान बड़ी संख्या में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक पर्व के चलते सुरक्षा के भी काफी कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।





### चांद की तस्दीक हुई, आज मनाई जाएगी ईद

इधर, रमजान के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर इबादत में मशगूल रहे। चांद की तस्दीक होने पर ईद का पर्व 31 मार्च को मनाया जाएगा। मुस्लिम जमात जामा मस्जिद के कार्यवाहक सदर हाजी जमील चौहान राजू भाई ने बताया है कि रमजान के रोजे पूरे होने के बाद आज सोमवार को ईद मनाई जाएगी। ईद की विशेष नमाज ईदगाह में सुबह 9 बजे जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद आफताब आलम रहमती साहब के द्वारा अता कराई जाएगी।







### शहर में हिंदू संगठनों ने निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र के साथ ही मंगलवार को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत हुई। शहर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू संगठनों द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत होने के साथ जलपान भी कराया गया। इस दौरान प्रमुख आकर्षण का केंद्र ड्रोन के माध्यम से उड़ते हुए हनुमान जी रहे। रविवार को नववर्ष पर निकाली गई शोभायात्रा की शुरूवात तुमगांव रोड स्थित मां शारदा मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात हुई। जो ओवरब्रिज से बग्गा चौक, स्वामी चौक, नेहरू चौक होते हुए कचहरी चौक, बरोंडा चौक से माँ दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर में समापन हुआ। शोभयात्रा में हजारों की तदाद में शामिल लोगों द्वारा लगाए गए जय श्री राम के नारों से पूरा शहर गूंज गया। इस दौरान नगर के मुख्यमार्ग पर जमकर आतिशबाजी की गई।



### नगर की देवी मंदिरों में नपाध्यक्ष ने टेका मत्था

नवरात्र के प्रथम दिवस नगर पलिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों के साथ नगर के विभिन्न शक्तिपीठों में जाकर माता का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मां महामाया मंदिर, माँ शारदा मंदिर तुमगांव रोड, माँ दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक जाकर मत्था टेका व पूजा-अर्चना कर नगर की खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख रूप से संजय शर्मा, पार्षद शुभ्रा शर्मा, मनीष शर्मा, पार्षद भारती चंद्राकर, राजेंद्र राजू चंद्राकर, रत्नेश साहू, पार्षद नीरज चंद्राकर, होरीलाल साहू आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने मनाया हिन्दू नववर्ष उत्सव

# संघ समाज को सबल बनाने का कार्य करता है : सविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व का सबसे बड़ा संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिन्दू समाज के स्वावलंबन के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। यह अनुशासन के साथ-साथ समय की कीमत भी बताता है। इस प्रकार संघ समाज को सबल बनाने का कार्य करता है। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आयोजित हिन्दू नववर्ष उत्सव में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय तीरंदाजी खिलाड़ी सविता निषाद ने कहीं।

उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष का प्रारंभ होता है। इसी दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की। रामजी का राज्याभिषेक, विक्रम संवत का प्रारंभ, शक्ति और भक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र का प्रारंभ भी इसी दिन से होता है। वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए विभाग कार्यवाह ठाकुर राम ने कहा कि भारतीय काल गणना वैज्ञानिक एवं शोध परक है, सूक्ष्म काल गणना है। भारतीय ज्ञान परम्परा, संस्कृति का कोई सानी नहीं, कला और विज्ञान के क्षेत्र में सम्पन्न है हमारा भारत वर्ष। संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म आज ही के दिन हुआ था,







इसलिए इस उत्सव में स्वयंसेवकों के लिए आद्य सरसंचालक प्रणाम का आयोजन होता है, जो वर्ष में एक ही बार होता है। इसलिए संघ के स्वयंसेवकों को यह अवश्य करना चाहिए। संघ के 100 वर्ष पूरे होने वाले हैं। देश में संघ 40 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में समाज के बीच कार्य कर रहे हैं। देश ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व की निगाहें संघ की ओर है। संघ का कार्य समाज का कार्य है। समाज संगठित हो सबल हो यही संघ का उद्दे श्य है। उन्होंने हाथी और अंधे का उदाहरण देते हुए बताया कि संघ को समझना है तो संघ में आए। संघ कुछ नहीं करता, परंतु संघ का स्वयंसेवक कुछ नहीं छोड़ता। संघ सिर्फ शाखा लगाता है, जिसमें स्वयंसेवक संस्कारित होकर हिन्दू समाज के स्वावलंबन के लिए कार्य करता है। अर्थात संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है। शाखा में आने से मलिनता दूर होती है।

विभाग प्रचारक ने कहा कि अपने नेतृत्व के प्रति विश्वास और अपनी कार्य पद्धति पर निष्ठा से ही भारत परम वैभव के शिखर पर पहुंचेगा। हिन्दू जगेगा तो विश्व जगेगा। वसुधैव कुटुंबकम् एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः की सोच सिर्फ हिन्दुओं में हो सकती है तभी तो धर्म की जय और विश्व की कल्याण की बात करता है। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत मां के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात केशव अर्चना और आद्य सरसंघचालक प्रणाम के साथ हुआ। अमृत वचन, सुभाषित व गीत के पश्चात अतिथि उद्बोधन प्राप्त हुआ। संघ प्रार्थना व मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर जिला संघ चालक महेश चन्द्राकर, नगर संचालक भूपेन्द्र राठौर, खंड संचालक भगोलीराम साहू, जिला एवं विभाग के अधिकारी नारद सिन्हा, विपिन शर्मा, राकेश यादव, गोवर्धन प्रधान, धर्मेन्द्र डड़सेना, गुलाब सेन, अनूप उपासे, राधेश्याम सोनी, चन्द्रशेखर साहू, नीलेश पटेल सहित विविध संगठनों से अश्वनी तिवारी, तिलक साव, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, डॉ. विमल चोपड़ा, येतराम साहू, राजेन्द्र इंगोले, सुधा साहू, वन्दना सेन, डॉ. संजीव वशिष्ठ, डॉ. देवांगन, देवीचंद, राठी, प्रदीप चंद्राकर, चित्रसेन गिरि, हुकुम शर्मा, योगेश चन्द्राकर, राहुल चन्द्राकर, रामकुमार साहू, नगर कार्यवाह राजेश डड़सेना, खंड कार्रवाह चंदन डड़सेना सहित संघ वेश में स्वयंसेवक एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# जिले में 24 फीसदी किसानों ने अब तक नहीं बनाई डिजिटल किसान आईडी, आ रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों की डिजिटल किसान आईडी बनाई जा रही है। लगभग दो माह में एक लाख 574 किसानों की डिजिटल आईडी बन चुकी है। 31 मार्च अंतिम तिथि है और 76.74 प्रतिशत किसानों की डिजिटल आईडी बन चुकी है और 24 प्रतिशत किसानों की आईडी बनना अभी भी शेष है।

जिले में कुल एक लाख 31 हजार किसानों की आईडी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में गुरुवार को ही 1935 किसानों ने डिजिटल किसान आईडी के लिए आवेदन किया है। बुधवार को भी 1904 किसानों ने डिजिटल आईडी के लिए पंजीयन कराया। जैसे-जैसे अंतिम तिथि नजदीक आ रही है, किसान बड़ी संख्या में पंजीयन करा रहे हैं।

अभी भी 30 हजार से ज्यादा किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। प्रशासन द्वारा प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। हालांकि, एक लाख 574 किसानों ने आईडी बनाई है। कृषि भूमि को आधार से भी जोड़ा जाएगा। कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने प्रयास किया जा रहा है। इसके माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। एग्री स्टेक परियोजना के तहत किसानों की डिजिटल फार्मर आईडी (किसान कार्ड) बनाई जा रही है। आईडी के माध्यम से



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और कृषि यंत्र अनुदान जैसी योजनाओं का लाभ आईडी के माध्यम से दिया जाएगा। लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से किसानों की आईडी बनाई जा रही है। सहायक संचालक परमजीत सिंह ने बताया कि आईडी बनाने का कार्य जारी है। पिछले कुछ दिनों से किसान पंजीयन में तेजी आई है।

### पंजीयन नहीं होने पर हो सकती है परेशानी

किसानों का पंजीयन नहीं होने पर योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी का सकती है। एक बार पंजीयन हो जाने के बाद बार-बार दस्तावेज जमा करने का झंझट भी खत्म हो जाएगा। पंजीयन के बाद मिले कार्ड से पंजीयन कराना जरूरी है। आईडी के माध्यम से किसानों का केंद्रीकृत डेटाबेस बनेगा। इसके तहत कृषि क्षेत्र में बेहतर नीतियों का निर्माण किया जा सकेगा।

### 11 अंकों की मिलेगी विशिष्ट पहचान

इस योजना के तह किसानों को आधार से जुड़ी 11 अंकों की एक यूनिक किसान आईडी प्रदान की जा रही है। इससे वे डिजिटल रूप से अपनी पहचान को प्रमाणित कर सकेंगे। यह पहल किसानों को सरकारी योजना का लाभ लेने में सहायक होगी। कृषि क्षेत्र में किसानों के कार्य भी आईडी के माध्यम से ऑनलाइन हो सकेंगे।

### ये दस्तावेज जरूरी

फार्मर आईडी बनवाने के लिए कृषि भूमि का बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका और आधार से लिंक मोबाइल नंबर जिस पर आधार सत्यापन व ओटीपी प्राप्त हो प्रस्तना करना जरूरी है। कृषि विभाग के सहायक संचालक परमजीत सिंह ने बताया कि एक लाख से ज्यादा आईडी बन चुकी है। 24 प्रतिशत लोगों के आवेदन आने शेष है।

### दाम भी बढ़े, जम्बो कूलर की बढ़ी डिमांड, बाजार में दिख रही भीड़

# गर्मी से बढ़ी कूलर-पंखे की मांग, हो रही खूब बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में इस वर्ष मार्च में ही शहर में धूप की तपने बढ़ने लगी है। अप्रैल के पूर्व गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। इससे तापमान का पारा 38 डिग्री के करीब पहुंचने लगा है। इससे जनजीवन में हलाकान दिखाई देने लगा है। लोग गर्मी से बचाव के साधन अपनाने लगे हैं। इस बार मार्च माह से ही लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मार्च लगते ही तापमान लगातार में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले सप्ताह में तापमान 32 डिग्री पर था



अब तापमान 38 डिग्री के करीब पहुंच गया। गर्मी के तेवर देख लोग दोपहरी में घरों से निकलने से पहले सोचने के लिए मजबूर हो गए हैं। दोपहर के समय ज्यादातर लोग घरों में ही कूलर की हवा में रहना पसंद कर रहे हैं। बगैर गमछे के दोपहर को धूप में निकलने वालों का चेहरा झुलस रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अप्रैल माह से गर्मी और बढ़ेगी। दोपहर को सड़कों के साथ हाट बाजारों में भी वीरानी छाने लगी है। नेशनल हाइवे के साथ सड़कों और गलियों में भी दोपहर में सन्नाटा पसरा रहता है।

### पंखा, कूलर व एसी का बाजार हुआ गुलजार

गर्मी के चलते ही इलेक्ट्रॉनिक्स का बाजार गुलजार हो गए है। भीषण गर्मी की वजह से बाजार में पंखा, फ्रीज, कूलर व एसी की डिमांड बढ़ गई है। गर्मी का आलम यह है कि बाजार में हाथ पंखे का भी स्टॉक नजर आने लगा है। गर्मी को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों ने भी लोगों की जरूरत को पूरा करने के सामानों का स्टॉक कर लिया है। बीटीआई रोड स्थित प्रसाद इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसायी हेमंत प्रसाद साहू कहते हैं कि गर्मी की तपिश बढ़ते की जरूरत के सामानों का स्टॉक पूरा कर लिया गया है। जहां पंखा में सीलिंग फैन 1050 से 3000, टेबल फेन 700 से 2500 तथा स्टैंड फेन 1100 से 4000 तक में उपलब्ध है। वहीं कूलर 5500 से 12000 तक में उपलब्ध है। वहीं टेबल फैन, स्टैंड फैन, केबिन फैन की कीमत अलग-अलग कंपनियों की अलग-अलग है। जहां तक कूलर की बात है तो बाजार में लोकल मेड व विभिन्न कंपनियों के कूलर मौजूद हैं। व्यवसायी खुमेंद्र गजपाल ने बताया इस वर्ष जम्बो कूलर की डिमांड बढ़ी साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स सामनों के दामों में भी वृद्धि हुई है।

# नर्रा में जमीन को लेकर दो समुदाय के बीच विवाद, पुलिस दे रही पहरा



**नर्रा।** बागबाहरा विखं के ओडिशा सीमा से लगे ग्राम नर्रा में रावणभाठा जाने वाले मार्ग पर शिशु मंदिर के समीप स्थित भूमि जमींदारों के जमाने से मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान के लिए आरक्षित है। जिसके खसरा नं 132 रकबा 0.66 रिकार्ड में दर्ज है। मुस्लिम समाज के यमीन खान, युनुस खान, मो युनुस खान, अब्दुल मन्नान खान इत्यादि ने बताया कि कब्रिस्तान से लगे कुछ खाली जमीन है। जिसमें मुस्लिम समुदाय 60 से 70 वर्षो से काबिज होना बताया तथा इस जगह पर ईद और जनाजे की नमाज व प्रार्थना की जाती है। वही उक्त जमीन पर मुस्लिम समाज द्वारा कटिले तार से घेरा किया हुआ है। अभी ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय द्वारा प्रार्थना के लिए साफ सफाई करने की बात कही गई। उक्त जमीन पर सरपंच प्रतिनिधि एवं कुछ ग्रांव के लोगों द्वारा जबरदस्ती ईट रख कर विवाद उत्पन्न किया गया। शनिवार को गांव के कुछ जनप्रतिनिधियों ने आहाता निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। जिजका मुस्लिम जमात ने विरोध किया। दो समुदाय के बीच उत्पन्न विवाद बढ़ते बढ़ते हाथापाई पर पहुंच गए। तनाव इतना बढ़ गया कि मुस्लिम समाज ने पुलिस बल को सूचना देना पड़ा। ताकि, किसी प्रकार का विवाद न हो। पुलिस बल घटनास्थल पहुंची और पुलिस की समझाइश पर मामला शांत हो गया। रात और दिनभर पुलिस का पहरा लगा हुआ है। मुस्लिम समुदाय ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गांव में अंशाति फैलाने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें। ताकि, गांव में आपसी भाई चारा एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। सरस्वती शिशु मंदिर नर्रा के अध्यक्ष कलाराम नायक ने बताया कि मुस्लिम समाज के मो युनुस खान बाबा ने मुझसे अभद्र गाली गलौज किया और हाथापाई पर उतर आया। शासकीय जमीन जो कि शिशु मंदिर से लगा हुआ है, इसमें आहाता निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। सांसद मद से 6 लाख स्वीकृति हुई है। पूर्व सरपंच गोपाल किशन पटेल के कार्यकाल में हुआ है।

## खबर संक्षेप

### मोदी की सभा में शामिल होने पहुंचे कार्यकर्ता

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा के भाजपा कार्यकर्ता पीएम नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने बिलासपुर रवाना हुए। भाजपा के वरिष्ठ नेता दयाराम, सुभाष साहू, हिरेन्द्र साहू, रघुनाथ साहू, गोकुल साहू, रामचरण निषाद, योगेश्वर साहू, हुमन साहू, कृष्णा साहू ने झंडी दिखाकर कार्यकर्ताओं को रवाना किया।

### रक्तदान ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर

**धमतरी।** रक्तदान ग्रुप धमतरी के तत्वावधान में पुलिस थाना पुरूर (बालोद) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा, रक्तदान ग्रुप के तुलेश साहू, शिवा प्रधान, पप्पू साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष साकेश साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। थाना प्रभारी श्री सिन्हा ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि खून के लिए मरीजों को भटकना न पड़े इस उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान से शरीर स्वस्थ भी रहता है।

### शीतला माता मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा

**धमतरी।** ग्राम दर्री के नवनिर्मित शीतला माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। पूजा-अर्चना, भव्य शोभायात्रा, भंडारा हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शीतला माता से सुख, समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की गई। मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष डिगेश्वर साहू, महामंत्री प्रदेश साहू संघ दयाराम साहू, सरपंच हिमांशु शेखर साहू, जनपद सदस्य श्रीमती गीतेश्वरी साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे। इस आयोजन में चंद्रेश साहू, माखन यादव, चंद्रहास साहू, डेमनलाल, निरंजन साहू, रामदयाल साहू, भोलाराम, राजकुमार कुंभकार, टेकाराम, छत्रपाल साहू, विशु चक्रधारी, पतराम यादव, पंचूराम, खूबलाल, खिलेश, भुनेश्वरी साहू, तीजिया कुंभकार, राधाबाई, चमेली बाई, दामिनी साहू का योगदान रहा।

### शहर के व्यापार को लेकर की चर्चा

**धमतरी।** धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स की टीम ने कलेक्टर से भेंट की। कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर से शहर के व्यापार और व्यापारियों की विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने चैंबर ऑफ कॉमर्स की टीम के साथ चर्चा करते हुए शहर में कई योजनाओं की जानकारी भी दी। बताया कि आगामी जून माह तक धमतरी में बड़ी रेललाइन का कार्य पूरा होने की संभावना है। इससे शहर के व्यापार में भी बढ़ोतरी होगी। पर्यटक स्थल हेतु योजना बनाई जायेगी। कलेक्टर ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने कई नए मार्ग बनाने की बात कही। आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा रोड के चौड़ीकरण हेतु सर्वे का कार्य हो चुका है। मौके पर अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, उपाध्यक्ष रविंदरसिंह छाबड़ा, सचिव राजा रोहरा, सहसचिव आलोक पांडेय, कोषाध्यक्ष भूपेश अम्बानी, प्रमोद पाण्डेय, सुरेश वल्र्यानी, भगत देवांगन, राजमल राखेचा, महानंद साहू, कन्नू कामरानी, सलीम, मेडिकल औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, सतराम वाशानी एवं अन्य व्यापारी शामिल हुए।

# प्रवासी मजदूर सबसे ज्यादा आ रहे हैं बेमेतरा में, गरियाबंद, सुकमा, नारायणपुर में कोई नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में रोजी-रोटी कमाने के लिए दूसरे राज्यों से आने वाले असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों में सबसे ज्यादा संख्या ऐसे मजदूरों की है जिन्होंने बेमेतरा जिले में प्रवास किया है। श्रम विभाग की प्रवासी श्रमिक पंजीयन रिपोर्ट के हिसाब से जनवरी से 27 मार्च की स्थिति में बेमेतरा में सबसे अधिक 17 हजार 191 श्रमिकों ने अपना पंजीयन कराने के लिए आवेदन किया है। दूसरी ओर राज्य के कुछ जिले ऐसे हैं जहां कोई भी प्रवासी श्रमिक नहीं आया है। इनमें बस्तर का सुकमा, नारायणपुर, गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही भी शामिल है।

बाहर से राज्य में रोजगार के लिए आने वाले श्रमिकों को श्रम कानून के तहत यहां प्रवासी श्रमिक पंजीयन(असंगठित) करवाना होता। श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी 2025 से 27 मार्च 2025 तक हजारों की संख्या में श्रमिक यहां आए और अपने पंजीयन के लिए आवेदन किया है। श्रम विभाग इन लोगों से आवेदन लेकर पंजीयन की प्रक्रिय शुरु करता है। जिन श्रमिकों के दस्तावेज सही होते हैं उनका पंजीयन किया जाता है। जिनके दस्तावेज आधे-अधूरे होते हैं, उनके आवेदन वापस कर दिए जाते हैं।

### बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा में हजारों का पंजीयन नहीं



#### बेमेतरा,बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा में सबसे अधिक

श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बेमेतरा जिले में 17 हजार 191 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किया है। लेकिन इनमें से आधे से अधिक यानि 8 हजार 975 के आवेदन दस्तावेज के अभाव में वापस कर दिए । बाकी बचे 8 हजार 215 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। बलौदाबाजार जिले में 11 हजार 455 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किया, लेकिन यहां केवल 486 का ही पंजीयन हुआ। बाकी बचे 10 हजार 967 श्रमिकों का पंजीयन दस्तावेज के अभाव में नहीं हो सका। जांजगीर चांपा जिले में 8 हजार 453 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किया इनमें से 2 हजार 437 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। बचे 6 हजार 11 के आवेदन वापस किए गए। राजनांदगांव जिले में 4 हजार 520 श्रमिकों ने आवेदन किया। लेकिन यहां केवल 422 का पंजीयन हुआ है। बाकी के 4 हजार 97 के आवेदन वापस कर दिए गए। इसी क्रम में बिलासपुर जिले में 2218 श्रमिकों ने आवेदन किया है। इनमें से 1881 का पंजीयन हुआ। 336 के आवेदन वापस किए गए हैं। रायपुर जिले में 108 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किया। इनमें से 31 का पंजीयन हो पाया। 76 के आवेदन वापस किए गए। सक्ती जिले में प्रवासी मजदूरों के 2 हजार 456 श्रमिकों ने आवेदन किए। इन सभी का पंजीयन किया गया है।

### अफसर सीजेडए के पास नियमित जानकारी भेजने का दावा कर रहे


# जंगल सफारी में क्या गड़बड़झाला इसकी जानकारी सीजेडए को नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

जू में वन्यजीवों की संख्या के साथ ही उनकी सेहत की संपूर्ण जानकारी रखने इन्वेंट्री मेंटेन कर जानकारी सीजेडए के पास भेजी जाती है। इन्वेंट्री हर तीन माह के साथ वार्षिक तैयार की जाती है। जंगल सफारी जू प्रबंधन ने पिछले तीन वर्षों से इन्वेंट्री मेंटेन कर जानकारी सीजेडए के पास नहीं भेजी है। ऐसे में सीजेडए के अफसर सफारी प्रबंधन को इन्वेंट्री भेजने लगातार पत्र लिख रहे हैं। बावजूद इसके सफारी प्रबंधन जानकारी भेजने से बच रहा है। ऐसे में सफारी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

जू प्रबंधन द्वारा सीजेडए के पास हर तीन माह में भेजे जाने वाले इन्वेंट्री में जू में वन्यजीवों की संख्या के साथ उनकी सेहत के बारे में विस्तृत रिपोर्ट रहती है। इसके साथ ही जू में कितने तथा किस प्रजाति के वन्यजीव का ब्रीडिंग होना है, इसकी भी जानकारी दी जाती है। वार्षिक रिपोर्ट में सालभर में कितने वन्यजीवों की मौत हुई, किस प्रजाति के वन्यजीव की संख्या सरपल्स है, इसके अलावा एक साल में किन प्रजाति के वन्यजीवों का किसी दूसरे जू से एक्सचेंज किया गया, इसकी जानकारी सीजेडए को दी जाती है।




### मार्च 2021 के बाद से जानकारी नहीं भेजी गई

गुजरात, जामनगर स्थित ग्रीन जूलॉजिकल, रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के साथ चार सफेद सहित काले भालू एक्सचेंज करने को सीजेडए ने 28 जनवरी को जंगल सफारी प्रबंधन को एक पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नंदनवन चिड़ियाघर एवं सफारी द्वारा 2020-21 तक की एनिमल इन्वेंट्री उनके सॉफ्टवेयर में अपलोड है। इससे जाहिर होता है, सफारी प्रबंधन ने मार्च 2021 के बाद वन्यजीवों की जानकारी सीजेडए के पास भेजी ही नहीं है।

### इस वजह से नहीं कर रहे मेंटेन

जानकारों के मुताबिक सफारी प्रबंधन द्वारा इन्वेंट्री मेंटेन नहीं किए जाने का असल कारण वन्यजीवों की संख्या छिपाना है। सफारी में आए दिन वन्यजीवों की अकाल मौत होती रहती है। इस बात की जानकारी मृत वन्यजीवों का अंतिम संस्कार होने के बाद सफारी के बाहर लोगों को मिल पाती है। इन्वेंट्री मेंटेन नहीं होने की वजह से जिम्मेदार मरे हुए वन्यजीवों के आंकड़ों में हेरा-फेरी कर बचाव का रास्ता निकाल लेते हैं।

### अफसर का कहना है नियमित जानकारी भेज रहे

इन्वेंट्री मेंटेन नहीं होने के सवाल पर जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर का कहना है कि सफारी प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय में सीजेडए के पास वन्यजीवों की जानकारी उपलब्ध करा देते हैं। अफसर के अनुसार सीजेडए की वेबसाइट पर जानकारी देर से अपलोड होती है। ऐसे में इस बात को लेकर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं कि सफारी प्रबंधन अगर तय समय में इन्वेंट्री मेंटेन कर जानकारी सीजेडए के पास भेज रहा है, तब सीजेडए सफारी प्रबंधन को जानकारी देने बार-बार पत्र क्यों लिख रहा है। वेबसाइट पर जानकारी अपलोड होने में एक महीने की देर हो सकती है, तीन साल तक जानकारी अपलोड नहीं होना संदेहास्पद है।

# दिव्यांगों ने फिर से दोहराई मांग भूख हड़ताल का लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के दिव्यांग एक बार फिर आंदोलन का रुख करने के लिए विविश हो गए हैं। लगातार छह सूत्रीय मांग करने के बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है। इससे आहत दिव्यांगों ने शनिवार को मरीन ड्राइव में शासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए भूख हड़ताल का निर्णय लिया है। इसको लेकर अब तेलीबांधा में जमे हैं। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को हमने स्वाभिमान रैली निकालने का प्रयास किया था, जिसे शासन-प्रशासन ने कुचलने का प्रयास किया।

- छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने मरीन ड्राइव में किया विरोध

राजधानी में आंदोलन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चंद्राकर और सचिव विद्या भूषण साहू ने बताया कि सरकार मांगों पर विचार करने के बजाय लगातार अनदेखी कर रही है, इससे दिव्यांगजन आहत हैं। इस वजह से संघ ने सीएम सहित दो मंत्रियों के नाम से शनिवार को मरीन ड्राइव में पिंडदान करते हुए शांति भोज का आयोजन किया।

### इन मांगों को मनवाने सड़क पर जमे

छत्तीसगढ़ पीएससी सहित कई परीक्षाओं के माध्यम से फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट्स के आधार पर नौकरी करने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई है। सभी विभागों में दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन जारी करने की मांग अधूरी है। दिव्यांग वंदन योजना बनाकर हर महीने 5 हजार रूपए पेंशन देने और बीपीएस की बाध्यता खत्म नहीं की गई। 21 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित युवतियों को महतारी वंदन योजना में शामिल नहीं किया है। दिव्यांगजनों द्वारा स्वरोजगार शुरू करने लिए गए कर्ज को माफ नहीं किया, इसलिए सड़क पर जमें हैं।

# बैज ने कहा- मोदी की गारंटी आज भी पूरी नहीं हुई, पीएम लेंगे नैतिक जिम्मेदारी?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर कांग्रेस ने उनसे सवाल पूछा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम से छत्तीसगढ़ की जनता से भाजपा ने वादा किया था, जब भाजपा की सरकार बनेगी, तो इन वादों को पूरा किया जायेगा। आज भी वे वादे पूरे नहीं हुए। आपने खुद कहा था यह वादे मोदी की गारंटी है, इसे पूरा करने की जवाबदारी मेरी है। आपकी सरकार इन वादों को पूरा नहीं कर रही है तो क्या आप इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेने का साहस दिखायेंगे।



- प्रधानमंत्री के दौरे से पूर्व कांग्रेस ने याद दिलाए चुनावी वादे

उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के वादे जो पूरे नहीं हुए, उनमें 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा, मासिक ट्रैवल अलॉउंस, सिम्स एवं सीआईटी निर्माण का वादा था, यह भी झूठा जुमला साबित हुआ। कृषि उन्नति योजना, पूरे प्रदेश में एक भी पंचायत में नकदी आहरण काउंटर स्थापित नहीं किया गया। रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती करने का वादा, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान, तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस देने का वादा था।

दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना का वादा, अस्पतालों का भुगतान नहीं करने के कारण आयुष्मान से इलाज बंद है। छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत 1 वर्ष में किसी को ऋण नहीं मिला। स्टेट कैपिटल रीजन बनाने का वादा सिर्फ हवा हवाई वादा साबित हुआ। भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग, भ्रष्टाचार शिकायत निवारण व निगरानी करने रखने के लिए एक वेब पोर्टल बनाएंगे।

**जहां पानी नहीं वहां टैंकर से उपलब्ध कराने का निर्देश**

# गर्मी में पानी के संकट से निपटने सरकार सतर्क, 1033 करोड़ की पेयजल योजनाओं के काम जल्द पूरे करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस साल मार्च के अंतिम सप्ताह से तेज धूप, बढ़ती गर्मी और तेजी से गिरते भू-जल स्तर के मद्देनजर राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में आसन्न पानी के संकट को लेकर सतर्क हो गई है। सरकार ने ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट से निपटने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक सहित वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विगत 3 वर्षों में पेयजल व्यवस्था के लिए राशि रुपए 1033.00 करोड़ की अनुमति दी गई है। उक्त स्वीकृत सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

- वरिष्ठ अफसर निगम से लेकर नगर पंचायत तक रखेंगे नजर

**सरकार ने शुरू की तैयारी :** ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट निवारण के लिए उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री अरूण साव ने सबसे पहले 13 मार्च और फिर 21 मार्च को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिये गये थे। ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट के संबंध में आयोजित बैठक में नगरीय निकायों में पेयजल के उचित व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। निकायों में स्थापित हैण्डपंप, बोरवेल एवं अन्य जलप्रदाय प्रणाली का शत प्रतिशत चेकिंग 7 दिन के भीतर पूर्ण कर आवश्यक मरम्मत करेंगें एवं पालन प्रतिवेदन संचालनालय को देने कहा गया है।

**पाइपलाइन की जांच, पानी नहीं तो टैंकर भेजें :** निकायों के अधिकारियों से कहा गया है कि जल प्रदाय योजना के लिए बिछाई गई पाइप लाइन में लीकेज या टूट-फूट हो तो तत्काल उसका सुधार कार्य कराएं। निकायों के अंतर्गत जिन वार्डों, बस्तियों में जलस्तर नीचे चला जाता है, उन स्थानों को चिन्हित कर टैंकर के माध्यम से जलप्रदाय करने कहा गया है।

### लोगों को पानी पिलाने की व्यवस्था

निर्देश दिया गया है कि बस स्टैण्ड, बाजार एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर प्याऊ घर की स्थापना किया जावें तथा ये सुनिश्चित किया जावे कि प्याऊ घर में पानी की व्यवस्था के साथ मानव बल भी उपलब्ध रहे। इस कार्य हेतू सामाजिक संस्थाओं एवं एनजीओ से भी स्वेच्छानुसार सहयोग लिया जा सकता है।



### शिकायत भी दर्ज होगी, निराकरण की समीक्षा भी

अधिकारियों से कहा गया है कि हर दिन संधारण हेतु प्राप्त शिकायत, रजिस्टर में दर्ज कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जायें। ग्रीष्म कालीन पेयजल संकट निवारण हेतु आयुक्त तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रति दिवस स्वयं शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करेंगें। हैण्डपंपों के जल को कीटाणु रहित करने के लिए ब्लीचिंग पावडर का घोल एवं सोडियम हाईपोक्लोराईड आवश्यक मात्रा में डालना सुनिश्चित करें। टंकियों के टेल एंड में रेसीड्यूल क्लोरीन की मात्रा मानक के अनुरूप हो। निर्धारित मात्रा से कम पाये जाने की स्थिति में जलागारों में आवश्यकतानुसार रि-क्लोरीनेशन (सोडियम हाइपोक्लोराइड / ब्लीचिंग पावडर) का डोजिंग किया जाए।

## कम हुआ पारा मगर नमी ने और बढ़ा दी गर्मी, दिन के साथ रात में भी हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पीक पर पहुंच चुके तापमान में थोड़ी गिरावट तो हुई है, मगर बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी ने गर्मी और बढ़ा दी है। अभी दिन की तेज धूप के साथ रात की बेचैनी भरी गर्मी ने भी हालत खराब कर दी है। शनिवार को राजधानी प्रदेश में सबसे गर्म रही और रात का तापमान भी सामान्य से पांच डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया।

गर्मी ने प्रदेश को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है और तापमान 40 डिग्री पहुंच गया है। आने वाले दिनों में यानी अप्रैल में गर्मी का तेवर और दुखदायी होगा। वर्तमान में एक द्रोणिका मध्य छत्तीसगढ़ के ऊपर विस्तारित है, जिसकी वजह से बंगाल की खाड़ी से हवा के साथ नमी का प्रवेश हो रहा है। इसके प्रभाव से दिन के तापमान में मामूली गिरावट हुई, मगर धूप के साथ नमी की मिलावट होने से ज्यादा गर्मी महसूस होती रही। दोपहर में सड़कों पर आवाजाही के दौरान गर्म हवा के झोंके से जलन का अहसास होता रहा।

# सीएम साय बोले- चार्टर्ड अकाउंटेंट्स विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के निर्माण में बनें अग्रणी भागीदार




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापक आर्थिक सुधारों के कारण भारत आज दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जीएसटी और कर सुधारों ने टैक्स व्यवस्था को सरल बनाया है और राजस्व संग्रहण को मजबूत किया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भारत की इस विकास यात्रा में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने में भी उनकी भागीदारी अहम होगी। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के निर्माण में भी अग्रणी भागीदार बनें।

- सीए समुदाय ने कहा- हम सरकार के साथ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, बौद्धिक वर्ग हमेशा नई तकनीकों को अपनाता है और एआई ऐसी ही एक गेम-चेंजर तकनीक है। उन्होंने माना कि एआई न केवल सीए पेशे को और सशक्त करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की गुणवत्ता व गति को भी बढ़ाएगा। उन्होंने एआई से जुड़ी संभावनाओं और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री श्री साय ने आईसीएआई की स्थापना को भारतीय अकाउंटिंग क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि 1949 में 1600 लोगों के साथ शुरू हुआ यह संस्थान आज चार लाख से अधिक सदस्यों का मजबूत संगठन बन चुका है, जो देशभर में आर्थिक उत्तरदायित्व निभा रहे हैं।

## शीतला मंदिर परिसर, माता तालाब के आसपास चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नगर पंचायत नगरी के जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीद , सफाई मित्रों ने शीतला मंदिर व माता तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया। माता तालाब के किनारे साफ सफाई कर झिल्ली कचरा उठाया गया। नगर पंचायत के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पार्षद हरीश साहू, असकरण पटेल, राजा पवार, चेलेश्वरी साहू, नरेश पटेल, मिक्की गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत कुमार वर्मा, इंजीनियर परमेश ध्रुव, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र साहू, स्वच्छता निरीक्षक दुर्गेश साहू, ने हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि हमे एक स्वच्छ, स्वस्थ और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे स्वच्छता ही जन सेवा आंदोलन के लिए पूरी निष्ठा के साथ समर्पित होकर कार्य करना होगा।

# स्थापना दिवस पर प्रतिभाओं को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश की समाजसेवी संस्था सौभाग्य फाउंडेशन ने अपना 13वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा आत्मनिर्भर नारी समृद्ध भारत विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, संस्था की संरक्षक रश्मि शर्मा, सेंट्रल बैंक के जोनल हेड रामकृष्ण नाईक, तिलोक बरड़िया, एग्रीकल्चर फार्म के विजय चंद्राकर, एमआईसी सदस्य संजना हियाल रहे। अतिथियों द्वारा प्रदेश की 25 व्यक्तिगत, 9 समाजसेवी संस्थाएं, महिला स्वसहायता समूह, बाल प्रतिभाओं सहित लगभग 100 लोगों को सम्मानित किया गया। इस



अवसर पर विधायक श्री मिश्रा ने वर्तमान परिवेश में मोबाइल में लोगों को कम से कम समय देते हुए स्वयं के, समाज के विकास में सहयोग देने की बात कही। संस्था की अध्यक्ष पल्लवी पांडेय द्वारा सभी क्षेत्रों में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

### ये रहे उपास्थित

कार्यक्रम में संस्था की सचिव सोमा शर्मा, अमित शर्मा, ज्ञानेंद्र देवांगन, प्रतीक तिवारी, वंदना सिंह, दिनेश कुमार, नीरज शर्मा, अजेश कुशवाहा, के. ज्योति राव, विमल नायर, नितिन पाण्डेय, विनोद सिंह, सौभाग्य पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, तेजपाल हुंजन, साहिल खान, शांति सिंह, सोनू सिंह, सौरभ सिंह ठाकुर, निधि गुप्ता, अंजली कल्याणी, अर्चना रणसिंह, राजेश अवसरिया, निशा अवसारिया आदि शामिल थे।

### इनका हुआ सम्मान

एंकर पृथा शुक्ला, चिकित्सा में डॉ. अभिलाषा शर्मा, डॉ. रश्मि दुबे, किक बॉक्सिंग खिलाड़ी अन्नू कंवर, आरजे प्रियल मिश्रा, छग संस्कृति के लिए पिलेश्वरी साहू, दृष्टिबाधित खिलाड़ी प्रीति यादव, साई की कोच रेणु पारिक, स्वरोजगार में पूजा शुक्ला, शिक्षा में निधि देवांगन, ज्योति शिंदे, छग पर्यटन में नम्रता तिवारी, राजनीति में संजना हियाल, कराते प्रतिमा कुमारी, समाजसेवा में बी. पोलम्मा भोगू, सतीश सिंह, हर्षा शर्मा, कुमकुम झा, राहुल खस्तगीर, एम. राजू, रेणुका कुलकर्णी, सुजाता कुर्म, रेणुका सुब्बा, ईरा पंत, गायत्री परिवार, शक्ति छग विप्र महिला समाज, युवा पहल, बढ़ते कदम, महाराष्ट्र मंडल, वनबंधु परिषद, साधना महिला मंडल, सामर्थ्यजन कल्याण समिति, कारीगर महिला स्वसहायता समूह, बाल प्रतिभा में कृष टंडन, राज गिलहरे, देवाशीष साहू, गणेश साहू, ओमकार साहू।

## खबर संक्षेप



### बस्तर महाराजा से मिले जिला भाजपा मंत्री

**नगरी।** जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा ने जगदलपुर राजमहल में बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान उनके साथ जगदलपुर निवासी अमरचंद गोलछा भी मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से बचने के तरीके बताए



- कन्या कालेज में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर हुआ अतिथि व्याख्यान

**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग एवं रेडक्रास द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने की। विषय विशेषज्ञ क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक डॉ. प्रीति चांडक जिला अस्पताल रही। कार्यक्रम का आयोजन खेल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर बांधे द्वारा किया गया। डॉ. राजपुरिया ने मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से कैसे दूर रहे, इस पर जानकारी दी। आगे कहा कि हमें हर काम को दबाव में नहीं करना चाहिए एवं स्थिर व शांत मन के साथ कार्य करें। मुख्य वक्ता डॉ. चांडक ने बताया कि मन को स्थिर नहीं रख सकने के कारण दिन ब दिन दबाव में कार्य कर रहे हैं। खासतौर छात्र जीवन में बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई लोग दबाव में आकर आत्महत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। डॉ. चांडक ने जीवन के हर आयाम में मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के कई तरीके बताये।

### मानव को अपने धर्म पर अडिग रहना चाहिए : जगदीश प्रसाद

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी के शीतला मंदिर परिसर में गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन 28 से 31 मार्च तक किया गया है। प्रज्ञापुराण वाचक अछोला आरंग निवासी जगदीशप्रसाद साहू ने कहा कि मानव जीवन भाग्य से मिलता है। इसे व्यर्थ में नहीं गंवाना चाहिए। भगवान की भक्ति में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। रोजमर्रा के कामों के अलावा भगवान के प्रति प्रेम रखते हुए उनकी भक्ति में लीन रहने से जीवन में अपार सुख का अनुभव होता है। आगे बताया कि शेर कितना भी भूखा हो वह कभी भी घास नहीं खायेगा। गौ माता को भूखा रखकर अंत में मांस का टुकड़ा दे दिया जाए तो वह उसे मुंह तक नहीं लगाएगी। इसी प्रकार मनुष्य को अपने धर्म पर अडिग रहना चाहिए।

अमाली में हुआ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महाधिवेशन

# समाज की परम्परा व संस्कृति के संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महाधिवेशन फरसियां परिक्षेत्र के ग्राम अमाली में हुआ। समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गइ। कलश यात्रा में अमाली के मुख्य गली-मोहल्लों व चौक चौराहों से गुजरते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंची। उसके बाद सामाजिक परम्परा अनुसार समाज के मुखिया कंवल राम साहू की ताजपोशी की गई। महाधिवेशन में सामाजिकजनों ने समाज की परम्परा व संस्कृति को बचाए रखने पर विचार रखे। समाज में हो रही खर्चीली शादियों पर विराम लगाने, अंतर्जातीय प्रकरण व धर्मांतरण को रोकने तथा नशामुक्त समाज की स्थापना पर जोर दिया गया।







### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

इस महाधिवेशन में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया साथ ही विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों का सम्मान किया गया। इस महाधिवेशन में नगरी सिहावा क्षेत्र के पत्रकारों को पेन, डायरी और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले समाज के लोगों का अभिनंदन किया गया।

### समाज में महिलाओं को आगे आना जरूरी : अंबिका

प्रथम सोपान की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक ने कहा कि हमें समाज के लिए नई सोच रखनी है ताकि समाज के सभी लोगों का विकास हो सके। उन्होंने समाज में शिक्षा की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा से समाज आगे बढ़ता है और समाज संस्कारित होता है। समाज में अंतर्जातीय विवाह को रोकने के लिए गहन विचार करना जरूरी है।

### युवा नशापान से रहें दूर : अरुण

महासभा के द्वितीय सोपान के मुख्य अतिथि जिला पंचायतअध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि हमें समाज से जुड़कर रहना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लोग छोटे व्यापार, व्यवसाय को अपनाकर लगन से काम करें तो निश्चित ही एक दिन सफलता मिलेगी। समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नए नए कौशल और कलाकारी को सीखकर अपने परिवार का भरण पोषण करें एवं नशापान से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपना योगदान दें।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया वार्डों का भ्रमण



- वार्डों की समस्याओं को सुलझाने सीएमओ, इंजीनियर को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने विभिन्न वार्डों एवं निर्माणाधीन स्थलों का मुआयना कर मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने भखारा के तालाब, बाजार हॉट, मुक्तिधाम, प्लांटेशन ऑक्सीजोन भठेली रामपुर रोड, पानी टंकी, शीतला तालाब, कॉम्प्लेक्स हेतु स्थान, निर्माणाधीन पानी टंकी, मुक्तिधाम भठेली, ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। नपं अध्यक्ष ज्योति जैन ने सुबह विभिन्न वार्डों का दौरा कर समस्याएं देखी। इन वार्डों की समस्याओं को गंभीरता से सुलझाने नगर पंचायत के सीएमओ, इंजीनियर सहित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही वार्डों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। उन्होंने पेयजल समस्या, सफाई कार्य, बिजली व्यवस्था एवं मुक्ति धाम में मिट्टी समतलीकरण कार्य का जायजा लिया। अध्यक्ष ज्योति जैन ने भखारा भठेली को स्वच्छ और विकसित बनाने की अपील की। साथ ही मोर नगर मोर जिम्मेदारी अभियान चलाकर समृद्ध भखारा भठेली बनाने में सहयोग करें। समाज और प्रशासन की साझेदारी से नगर में विकास की नई राह खुलेगी।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, इंजीनियर एसके गुप्ता, पार्षदगण हितेंद्र साहू, भूपेंद्र यादव, छबिलाल निर्मलकर, डुमेंद्र गंगबेर, जितेंद्र साहू, छोटू माल आदि उपस्थित थे।

# छिन्दीटोला उमरगांव में गोंडी कथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम उमरगांव में गोंडी कोयापूनेम धर्म दर्शन कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में धर्माचार्य शंकर शाह इरपाची सिवनी (मप्र) ने प्रकृति में जीव जगत की उत्पत्ति सहित आदिवासियों की पुरातन संस्कृति और परंपराओं की जानकारी दी। इस अवसर पर आदिवासी युवक-युवतियों ने पारंपरिक नृत्य रेला पाटा प्रस्तुत किया। आदिवासी समाज के प्रमुखों ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों को अपनी परम्परा और संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। आदिवासी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखना है। इस आयोजन से आदिवासी समाज में एकता भाईचारे की भावना जागृत होती है। संस्कृति और परंपराओं को जानने व समझने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में गोड़वाना समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में नगरी सिहावा, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, बालोद जिले सहित उड़ीसा राज्य के आदिवासी सम्मिलित हुए।

# लोगों को अंधविश्वास के जाल में नहीं फंसना चाहिए : चंद्रकला

- करेली बड़ी में कबीर सत्संग सुनने उमड़ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





साहू समाज भवन करेली बड़ी में तीन दिवसीय कबीर सत्संग 29 से 31 मार्च तक आयोजित किया गया है। प्रवचनकर्ता सोनार देवरी से पहुंची साध्वी चंद्रकला साहेब ने सत्संग के प्रथम दिवस सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में सत्संग का बड़ा महत्व होता है। प्रत्येक मनुष्य को अच्छे से सत्संग करना चाहिए। सत्संग से 50 वर्षों का पुण्य 20 मिनट में प्राप्त हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आजकल लोग अंधविश्वास के मायाजाल में जकड़ा हुआ है। इसका प्रमुख कारण डर है। भगवान की भक्ति करने से सारे डर व पाप भाग जाते हैं। सत्संग में आगे बताया कि मानव जीवन अनमोल है। सत्संग सुनने आसपास से सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। आयोजन में शेषनारायण साहू, नारायण साहू, कृपाराम साहू, रामदयाल साहू, देवनाथ साहू, कांशीराम साहू, अश्वनी साहू, तकेश्वर साहू जुटे हैं।

# प्रज्ञा शिवमहापुराण के श्रवण से धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है : शकुंतला

- गुदगुदा में चार दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, शिवमहापुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम गुदगुदा में यज्ञ संचालन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा शिवमहापुराण कथा का आयोजन हुआ। कथावाचक महाराज परमानंद थे। 26 मार्च को सुबह 9 से 12 बजे तक कलश यात्रा निकाली गई पश्चात शिवकथा प्रारंभ हुई। 27 एवं 28 मार्च को 3 से 6 बजे तक पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना के बाद रुद्राक्ष की महिमा बताई गई।

समापन दिवस पर क्षेत्र की जनपद सदस्य शकुंतला देवांगन भी उपस्थित हुई। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गांव में गायत्री महायज्ञ होने से गांव में सुख शांति रहती है। प्रज्ञा शिवमहापुराण की कथा सुनने से लोगों में अपने धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। अपने धर्म को लेकर प्राचीनतम आवश्यक विषयों को जानकर उसे अपने जीवन में सकारात्मकता के साथ अमल करने से जीवन में एक विलक्षण आनंद की अनुभूति होती है। इससे परमात्मा का ध्यानकर पाना संभव होता है। गायत्री यज्ञ का संचालन गैंदलाल साहू, कुंजलाल साहू मोहन साहू, प्रीतम साहू द्वारा किया गया।



मौके पर हितेश सोनकर उपसरपंच, ग्राम पटेला नारायण साहू, मन्नूलाल, अलीराम साहू, प्रशांत, देवशरण, डुमन लाल, पवन, दिलेश्वरी, जमुना, सुकुमारी, संतोषी, यमुना, सरस्वती साहू, देवकी, हितेश साहू, वेद सोनकर समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। समापन दिवस पर सती चरित्र की कथा सुनाई गई। शिव-पार्वती विवाह हुआ।

# घुरावड़ स्कूल के नौ विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन



गोपीचंद वट्टी | दीक्षांश पटेल | लोकमान्य शोरी | चित्रांशी नेताम | तनिश देवांगन

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला घुरावड़ के नौ विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इसमें गोपीचंद वट्टी, दीक्षांश कुमार पटेल, लोकमान्य शोरी, चित्रांशी नेताम, तनिश देवांगन, रोमिक्षा नेताम, मोक्ष साहू, युगांत कश्यप और हिमांशु यादव शामिल हैं। नवोदय परीक्षा की तैयारी शिक्षक पीलूराम निषाद, रूमलाल किरसान द्वारा कराई गई। पिछले तीन वर्ष में इस विद्यालय के 18 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। बच्चों की इस उपलब्धि पर संकुल समन्वयक एमके सोरी, प्रधानपाठक विक्रांत ठाकुर, शिक्षक गंगाराम बांधे, झमेश पटेल, खेमलाल भंसारे, तीरथराम यादव, गोदावरी साहू, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सचिव थानसिंह देवांगन एवं ग्रामीणजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



रोमिक्षा नेताम | मोक्ष साहू



युगांत कश्यप | हिमांशु यादव

## अंचल की खबरें

### आनंद बने गुरूर भाजपा मंडल अध्यक्ष



**पुरूर(धमतरी)।** भाजपा मंडल गुरूर के अध्यक्ष आनंद शर्मा बनाए गए। भाजपाइयों ने पार्टी कार्यालय गुरूर में उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा नेता ईशाप्रकाश साहू ने कहा कि आनंद की नियुक्ति गुरूर मंडल अध्यक्ष के रूप में हुई है। पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू को सम्मान के साथ विदाई दी गई। जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने कहा कि हमारे ही परिवार से पार्टी का ही कोई कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष बना है और उनसे अपेक्षा भी रखेंगे कि आने वाले समय में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान रखते हुए मिलजुलकर कार्य करें।

### गायत्री प्रज्ञा भवन में हुई कलश स्थापना



**अंवरी।** इस साल चैत्र नवरात्रि 9 नहीं बल्कि 8 दिन की होगी। ऐसे में 31 मार्च से आरंभ होकर 6 अप्रैल को समाप्त हो जाएगी। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने के साथ कलश स्थापना करने का विधान है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भखारा भठेली स्थित गायत्री प्रज्ञा भवन में अखंड ज्योति एवं कलश स्थापना विधिपूर्वक की गई। साधकों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने दीप प्रज्वलित किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, टीकाराम साहू, हेमसिंह गौर, वीरेंद्र साहू, पूर्व पार्षद भारती साहू सहित साधकगण व गायत्री प्रज्ञा परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने एसडीएम, सीईओ से भेंट की



**नगरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के प्रतिनिधिमंडल ने नगरी अनुभाग में नवपदस्थ सुश्री प्रीति दुर्गम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, करूणा सागर पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। फेडरेशन ने अधिकारियों से मिलकर कर्मचारियों के हित पर कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, महासचिव गिरीश जायसवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, विजय गेंडरे, अशोक साहू, तरुण कुमार साहू ,प्रवक्ता केपी साहू, बेलर तहसील संयोजक सुरेंद्र नेताम, सहायक शिक्षक फेडरेशन अध्यक्ष शरीफ बेग मिर्जा, श्रवण कुमार साहू, कोमलुराम नेताम सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

साहू समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन, कर्मा जयंती पर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

# एकजुटता ही समाज की असली ताकत है





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

साहू समाज अंवरी के तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर ग्रामीण साहू समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर गांव की गलियों का भ्रमण किया। मौके पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना चाहिए। अंवरी में विगत दो तीन वर्षों से भव्य आयोजन किया जा रहा है यह सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश साहू, उपाध्यक्ष तुलेन्द्र साहू, महिला उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, फूलसिंग साहू, विश्वनाथ साहू, संतराम साहू, केजराम साहू, नागेश्वर प्रसाद साहू , दुलारुराम साहू, जिपं सदस्य कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़, सरपंच हितेंद्रनाथ मंडल, बालाराम धुव्र, कुलंजन ठाकुर, चिंताराम मरकाम समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। रात्रि में रिकॉर्डिंग डांस रखा गया जिसका ग्रामीणों ने आनंद लिया।

# मोदी की गारंटी में पूरी हो हड़ताली सचिवों का शासकीयकरण की मांग : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे हुए हैं। हड़ताली सचिव छत्तीसगढ़ में मोदी के आगमन से यह निश्चित तौर पर आशा लगाए हुए थे कि मोदी बिलासपुर आ रहे हैं और मोदी की अपनी गारंटी को जरूर पूरा करेंगे। आगे डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने सचिवों को शासकीय कर्मचारी बनाने का वादा किया था। भाजपा ने इसे मोदी की गारंटी बताया था। अब भाजपा सरकार इस गारंटी से पीछे हट रही है। सरकार को बने सवा एक साल से ज्यादा हो गया। फिर भी आदेश जारी नहीं किया गया।

डॉ. रश्मि ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि ग्रामीण जनता की पीड़ा को शासन तक पहुंचाने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने वाले पंचायत सचिव भाजपा शासन में शोषित और पीड़ित है। सरकार बनते ही शासकीयकरण का भाजपा ने वादा किया था। पंचायत सचिवों की वेतन वृद्धि सहित विभिन्न सुविधाएं दी। जब भाजपा की सरकार सत्ता में नहीं थी, तब भाजपा नेता कर्मचारियों के मंच पर जाकर बड़ी-बड़ी ढींगे हांकती थी और आज जब वह सत्ता पर है तो उनके मुंह से शब्द नहीं निकल रहे है। सचिवों की हड़ताल से ग्रामों के मूलभूत कार्य, आवास निर्माण, पेंशन राशि, जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित पंचायत से जुड़ी अनेक कार्य ठप पड़े हैं। इस हड़ताल का प्रभाव ग्रामीणों के जीवन पर पड़ रहा है। डॉ रश्मि ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नागरिकों से बड़े-बड़े जुमले हांक कर सत्ता प्राप्ति का सफर तय करने वाली भाजपा की सरकार की आज पर्दा फाश हो चुकी है। कर्ज के सहारे चल रही ये सरकार प्रदेश की जनता को विकास का हवा हवाई सपने दिखा रही है। छग में भाजपा की सरकार से किसान, मजदूर एवं कर्मचारी-अधिकारी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। सवा एक साल के कार्यकाल में भाजपा की कार्पोरेट सरकार ने छग की जनता को झूठा आश्वासन देकर सिर्फ ठगने का कार्य किया है। 500 रुपए में गैस सिलेंडर का जबरदस्त सपना मोदी की गारंटी में देखने को मिला। इसीलिए अब किसान, मजदूर एवं कर्मचारी आक्रोशित एवं परेशान है। पंचायत सचिवों सहित दैवेभो, आंगनबाड़ी, रसोइया, शासकीय विभागों में सेवा दे रहे हजारों कर्मचारी सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। अनियमित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं मानदेय कर्मचारियों का नियमितीकरण तो 500 रुपए में गैस सिलेंडर, बेरोजगारी भत्ता अब स्वप्न बन चुका है।



आगे डॉ. रश्मि चंद्राकर ने पंचायत सचिव के हड़ताल को समर्थन देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आपकी मांगों का समर्थन करती है। भाजपा अपने घोषणा पत्र पर अमल करते हुए तत्काल मांग को पूरा करें। क्योंकि, मोदी गारंटी के तहत 100 दिनों में मांग पूरी होनी थी। आज 400 दिनों से अधिक हो गए हैं, क्या यही है मोदी की गारंटी। आगे डॉ. रश्मि ने कहा कि भाजपा के कथनी और करनी में यही अंतर है। सत्ता में आने से पहले घोषणाएं बड़ी बड़ी करते हैं और सत्ता में आने के बाद भूल जाते हैं, भाजपा की असलियत है। कांग्रेस पार्टी आपके साथ आपके लड़ाई में आपके साथ हैं। आपका सम्पूर्ण समर्थन करती है और मांग के पूरा होते तक हम आपके साथ रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास का सरपंच ने किया लोकार्पण

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया। पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संपूर्ण राज्य में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसके साथ ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल में भी पूर्ण आवास को उद्घाटन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के सरपंच शकुंतला नरेटी, उपसरपंच तामेश्वरी जैन, वार्ड पंच संजय उसेंडी और अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत व्यासकोंगेरा निवासी 55 वर्षीय नारायण उसेंडी ने अपने घर बाड़ी में अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया। व्यासकोंगेरा निवासी उत्तम उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 28 मार्च की रात 10 बजे घर के बाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### झूलेलाल जन्मोत्सव पर निकली भव्य दोपहिया वाहन रैली

**जगदलपुर।** झूलेलाल जन्मोत्सव पर श्री सिंधी गुरुसंगत गुरुद्वारा कमेटी के तत्वावधान में रविवार को श्री सिंधी पंचायत, नवयुवक मंडल, सेवा समर्पण मंडल एवं झूलेलाल समिति महिला प्रकोष्ठ द्वारा शहर में भव्य दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। इसमें समाज के बड़ी संख्या में मातृशक्ति, पुरूष कार्यकर्ता, युवक-युवतियां सम्मिलित रहीं। रैली के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया और स्टैट बैंक चौक में भंडारा का आयोजन किया गया।

### बीएसएनएल दे रहा हाई स्पीड इंटरनेट की सेवा

**जगदलपुर।** बीएसएनएल बस्तर के हर क्षेत्र में दूरसंचार सेवा के प्रचार प्रसार हेतु प्रयासरत है। वर्तमान में बस्तर संभाग के हर जिले में ब्लॉक स्तर और विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर तक भी बीएसएनएल द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट की सेवा दी जा रही है। इसी क्रम में बीएसएनएल द्वारा अपने नए ग्राहकों के लिए फास्ट इंटरनेट सेवा एक माह के लिए फ्री में देने की योजना जारी की गई है। उक्त जानकारी टीडीएम शरद चन्द्र तिवारी ने दी।

### टमाटर 10 रुपए किलो तक में बिका

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र खरीददार पहुंचे। बाजार में टमाटर 6-10, मटर 60, करेला 60, फूलगोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है। सब्जियां सस्ते होने से बाजार में भीड़ अधिक रही।



# हिन्दू नववर्ष पर नगर में निकाली बाइक रैली

## 6 अप्रैल रामनवमीं पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

हिन्दू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 को हिन्दू नववर्ष के स्वागत में बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली पुरानी मंडी से प्रारंभ होकर नगर के सभी चौक- चौराहे से होते हुए संतोषी मंदिर में समाप्त हुई। बाइक रैली के पश्चात सभी हिन्दू भाई-बहनों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि हिंदू नववर्ष के स्वागत एवं रामनवमी पर पूरे नगर को भगवामय किया गया है। सभी गली-मोहल्लों में भगवा ध्वज, सभी मंदिरों की साफ सफाई की गई है। बाइक रैली में सैंकड़ों की संख्या में हिंदू भाई बहनें सम्मिलित हुए। रैली के मार्ग में गर्मी से राहत के लिए कई स्थानों में हिन्दू समर्थकों द्वारा पानी, जूस आदि का वितरण किया गया। जिसके लिए संपूर्ण हिंदू समाज एवं विहिप बजरंगदल, दुर्गा वाहिनी ने आभार जताया। आयोजन के पश्चात आगामी 06 अप्रैल को रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शाम 5 बजे हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होगी। अतः सभी सनातनियों से अनुरोध किया है कि शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# नवरात्र आरंभ पर पत्रकारों के लिए दान भेंट किए 1 लाख



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक दूसरे को सहयोग की परंपरा का निर्वाह करने के साथ पिता और सास के नक्शे कदम पर चलते हुए दानशीलता का परिचय देते हुए प्रेस क्लब के संरक्षक सदस्य एवं दीर्घकालिक वरिष्ठ एवं अधिमान्य पत्रकार राम कुमार तिवारी सुमन की पत्नी सुमित्रा तिवारी सेवानिवृत्त व्याख्याता ने प्रेस क्लब को पत्रकारों के हित में कार्य करने 1 लाख रुपए दान राशि भेंट की। श्रीमती तिवारी आशी बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला-महासमुंद में वरिष्ठ शिक्षिका रहीं और शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद में सेवाएं देते सेवानिवृत हुई हैं। उनकी मंशानुरूप चैत्र नवरात्र आरंभ एवं हिंदू नववर्ष शुभागमन पर उन्होंने उक्त राशि अध्यक्ष रत्नेश सोनी के हाथों में सौंपी। इस अवसर पर उपस्थित प्रेस क्लब परिवार ने सुमित्रा तिवारी और रामकुमार तिवारी का इस सहयोग के लिए सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन महामंत्री रवि विदानी ने किया।

### पैसे किसी के काम आएं, इस सोच ने किया दान के लिए प्रेरित

बातचीत के दौरान उन्होनें बताया कि वे एक दूसरे को सहयोग किए जाने की परंपरा का निर्वाह कर रही हैं। पिता और सास ने भी अपने समय में लोगों से काफी लगाव रखा। पत्रकारों के काम में काफी संघर्ष होता हैं और इसलिए मन में बात आई कि क्यों न पत्रकार संगठन के लिए कुछ राशि दान में दी जाए। श्रीमती तिवारी ने इससे पहले भी अपने शिक्षकीय कार्यकाल में आशीबाई गोलछा स्कूल को चौदह लाख रुपए दान में दिए हैं. उक्त राशि से बच्चों के योग कक्षा संचालन के लिए एक शानदार हाल तैयार है और इसी कक्ष में योग कक्षा संचालित है।

### यह रहे इस दौरान मौजूद

इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष रत्नेश सोनी, महामंत्री रविन्द्र कुमार विदानी, कोषाध्यक्ष संजय महंती, रामकुमार तिवारी, सालिक राम कन्नौजे, संजय डफले, उत्तरा विदानी, विजय चौहान, प्रज्ञा चौहान, अमित हिशीकर की उपस्थित रहे।

## स्पर्धा : तुमगांव में जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# सीनियर महिला वर्ग के 100 मीटर दौड़ में उर्मिला प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय





### जूनियर बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में गीतांजलि सरायपाली प्रथम एवं ममता रही द्वितीय जूनियर 400 मीटर दौड़ में लीकेश्वरी महासमुंद प्रथम एवं जानकी यादव बागबाहरा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन पब्लिक स्कूल तुमगांव में किया गया। जिसमें सरायपाली, बसना, बागबाहरा, पिथौरा, महासमुंद ब्लॉक के खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव सावित्री उत्तम निर्मलकर, पार्षद गौरी साहू, पार्षद लता यादव, पार्षद चोवा राम तांडेकर, पार्षद गौतम सिंहा, पार्षद रामशरण निर्मलकर, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे रहे। अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

आयोजन के संयोजक डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक शासकीय उमावि भोरिंग ने विभिन्न खेलों को संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीनियर महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में विजेता पिथौरा एवं उपविजेता बागबाहरा, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता सरायपाली एवं उपविजेता बागबाहरा, रस्साकसी प्रतियोगिता में विजेता सरायपाली एवं उपविजेता पिथौरा रही। 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान उर्मिला निर्मलकर पिथौरा एवं द्वितीय स्थान लक्ष्मी ठाकुर बागबाहरा ने प्राप्त किया।

400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पूजा ठाकुर बागबाहरा, द्वितीय स्थान लक्ष्मी ठाकुर ने प्राप्त किया। तवा फेंक में सीमा ठाकुर पिथौरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका के 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान गीतांजलि सरायपाली एवं ममता धीवर महासमुंद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान लीकेश्वरी साहू महासमुंद एवं द्वितीय स्थान जानकी यादव बागबाहरा ने प्राप्त किया। तवा फेंक में प्रथम स्थान दिनेश्वरी यादव एवं द्वितीय स्थान ममता धीवर महासमुंद ने प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में विजेता सरायपाली एवं महासमुंद उपविजेता रही। बॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता बसना एवं उपविजेता महासमुंद रही। रस्साकसी प्रतियोगिता में विजेता बागबाहरा एवं उपविजेता सरायपाली रहीं। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की नवीन योजना छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी खिलाड़ियों को दी गई।

आयोजन को सफल बनाने में एवन कुमार साहू, हेमसागर केवर्त्य, भूपेंद्र प्रधान, सुधीर प्रधान, रंभा साहू, कुसुम यादव, वंदना देवांगन का सहयोग रहा। निर्णायक कुबेर, जगदीश धीवर, अभिषेक निर्मलकर, डॉ. सुनील भोई का सहयोग रहा। मंच संचालन एवन कुमार साहू एवं सभी का आभार व्यक्त डॉ. सुनील भोई ने किया।

# चैत्र नवरात्रि पर ज्योत प्रज्ज्वलित करने पहुंचे तुषार





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ग्राम कोडार बांध में हरि ओम वैष्णव के यहां चैत्र नवरात्रि पर ज्योति प्रज्वलन एवं मां खलारी मंदिर में हवन, पूजा व आरती कार्यक्रम में शामिल हुए।

# किरण देव की नई टीम में होंगे कई बदलाव, मोर्चा, प्रकोष्ठ का भी बदलेगा चेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव समाप्त हो गए हैं। अब अगले माह भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कवायद होने वाली है। ऐसे में इसके बाद ही अगले माह भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी बनेगी। संभावना जताई जा रही है कि किरण देव की नई टीम में कई बदलाव होंगे। जहां कार्यकारिणी में कई पदाधिकारी बदलेंगे वही मोर्चा प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे आएंगे। ज्यादातर मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है।

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव किया गया तो इसमें भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर से किरण देव को ही कमान सौंपी है। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।



# नववर्ष पर मीठा शीतल पेयजल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नववर्ष प्रतिप्रदा विक्रम संवत 2082, नवरात्र, झूलेलाल जयंती, आर्य समाज की स्थापना दिवस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशवदास बलीराम हेडगेवार एवं गौतम ऋषि का जन्मोत्सव, गुरुअंगद देव का प्रकाश पर्व के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ने नेहरू चौक में मीठा शीतल पेयजल वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से गुरुबच्चन सिंह, बिपिन महंती, सुनील श्रीवास्तव, अखिलेश लूनिया, पंकज चन्द्राकर, उत्तम वर्मा, नरेश नायक, हिमांशु तिवारी, रहील गुप्ता, कान्हा प्रधान, राकेश साहू, रामेश्वर गोलू साहू, लवेश साहू, चन्दन नेताम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पीएम ने किया राज्य के 29 जिलों में स्थित 130 पीएमश्री विद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन

# जिले के एकमात्र पीएमश्री विद्यालय तुमगांव का हुआ उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्य हुए। इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्य के 29 जिलों में स्थित 130 पीएमश्री विद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया।

महासमुंद विकासखंड के अंतर्गत चयनित एकमात्र पीएमश्री विद्यालय तुमगांव का भी इस अवसर पर उद्घाटन किया गया। इस विद्यालय में आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मूलभूत सुविधाएं और आधुनिक संसाधनों से युक्त उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण प्राप्त हो रहा है। पीएमश्री विद्यालयों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कौशल विकास केंद्र एवं हरित विद्यालय अवधारणा को बढ़ावा दिया गया है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत समग्र विकास, नवाचार आधारित शिक्षण एवं बहु-आयामी अधिगम को साकार करने के लिए की गई है। पीएमश्री विद्यालयों के माध्यम से छात्रों को न केवल शैक्षिक बल्कि नैतिक, सामाजिक एवं व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक बन सकें।

उद्घाटन के इस विशेष अवसर पर प्राचार्य द्वारा सर्वप्रथम विद्यालय में माँ सरस्वती के छायाचित्र की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्राचार्य एल कुरील, संकुल समन्वयक आशीष कुमार साहू तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों में पवन डडसेना, सिद्धांत गायगौरे, नवीन कुमार दास, सागर झा, सुरेश यादव, प्रगति साहू, नलिनी ध्रुव सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख रूप से युक्ति साहू, प्रतीक्षा मिश्रा, लक्ष्य यादव, काव्या साहू सहित अनेक विद्यार्थी शामिल थे। यह अवसर विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवशाली रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने नई ऊर्जा के साथ अपने शिक्षण सफर को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पीएमश्री विद्यालय तुमगांव का यह अभिनव विकास क्षेत्र के शैक्षिक परिदृश्य को और अधिक सशक्त बनाएगा।

